Karnataka, Maharashtra & Goa, Punjab, Rajasthan and West Bengal are accredited by UGC.

(c) Yes, Sir.

(d) The standard of State level Eligibility Tests is monitored by UGC with the help of its Committee on Accreditation of Tests.

कृषि क्षेत्र हेतु विश्व बैंक की सहायता

583. श्री अनन्तराव देवशंकर दवे:
श्री इकबाल सिंह:

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या विश्व बैंक देश में कृषि क्षेत्र के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य, विशेषकर पंजाब को प्रदान की गई ऐसी सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन राज्यों ने इस संबंध में प्राप्त की गई धनराशि का पूर्णत: उपयोग कर लिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

कृषि मंत्री (श्री चतुरानन मिश्र): (क) जी, हां।

(ख) प्रत्येक राज्य को उपलब्ध कराई गई इस प्रकार की सहायता का ब्यौरा अनुपत्र में दिया गया है [देखिये परिशिष्ट 178, अनुपत्र संख्या 20] गत तीन वर्षों में पंजाब को दी गई सहायता इस प्रकार है:–

(रुपए लाख में)

परियोजना का नाम	वर्ष 1993-94	1994-95	1995-96
1. समेकित पनधारा विकास परियोजना (पहाड़ी)	896.05	1288.37	1029.45
2. राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान परियोजना-2	72.34	81.73	31.00
3. राष्ट्रीय कृषि विस्तार परियोजना-3	3268.40	2643.50	

(ग) जी, हां, चूंकि विश्व बैंक द्वारा राज्यों को दी जाने वाली सहायता प्रतिपूर्ति के रूप में दी जाती है।

(घ) भाग (ख) में दिए गए ब्यौरे के अनुसार ही।

(ङ) प्रश्न ही नहीं होता।

Banning the Use of Polythene Bags

584. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state: (a) whether attention of Government has been drawn to the news-item appearing in the 'Statesman' dated the 5th June, 1996, captioned "Slow poisoning via polythene bags";

(b) if so, whether the use of polythene bags is causing various types of diseases;

(c) whether the use of polythene in advanced countries has been banned and these countries are dumping their wastes in India; and

(d) if so, the steps Government propose to take to ban the use of polythene?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (CAPT. JAI NARAIN PRASAD NISHAD): (a) Yes, Sir.

(b) Polythene bags are not harmful to the environment per sec. Plastic bags or other plastic packaging should have food grade pigments, plasticizers and additives (other chemicals), these do not lead to any harmful effects

(c) and (d) Based on available information, the use of polythene bags in advanced countries is not banned. As per the amended Export-Import Policy (1992—1997), the import of plastic waste is included in the restricted list and its import is permitted against a licence.

रेल लाइन का परिवर्तन

585. श्री रामदेव भंडारी: क्या रेल मंत्री 7 मार्च, 1996 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 115 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दरभंगा-निरमली, दरभंगा-जयनगर, दरभंगा-नरकटियागंज और झंझारपुर-लोकहा मीटर लाइनों को बड़ी लाइनों में बदलने से संबंधित सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया है;

(ख) क्या भारत-नेपाल सीमा पर स्थित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण रेल लाइनें बिछाने से संबंधित कार्य वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान आरंभ हो जाने की संभावना है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?